भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3042**

30 मार्च, 2022 को उत्तरार्थ

**विषय: 'सहकार से समृद्धि' का कार्यान्वयन**

3042. श्री संभाजी छत्रपती:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने "सहकार से समृद्धि" के तहत प्रोत्साहन के लिए किन क्षेत्रों की पहचान की है;

(ख) छोटे किसानों, छोटे व्यापारियों और छोटे कामगारों की मदद के लिए पहचाने गए क्षेत्रों के विकास के लिए क्या पहल की गई हैं;

(ग) क्या देश के आर्थिक वृद्धि का लाभ मुट्ठी भर धनी लोगों को ही मिल रहा है और देश के आम लोग मुश्किल से गुजारा कर रह रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो लोगों की समान आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार क्या योजनाएं बना रही है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

**(क) से (घ):** सरकार का लक्ष्य "सहकार से समृद्धि" के मंत्र के माध्यम से देश में समग्र समृद्धि प्राप्त करना है। पारदर्शिता, आधुनिकीकरण और प्रतिस्पर्धा का सृजन करके सभी क्षेत्रों में सहकारी समितियों को सुदृढ़ बनाने का प्रस्ताव किया जा रहा है। इसे प्राप्त करने के लिए सरकार ने देश में सहकारिता आंदोलन को सुदृढ़ बनाने हेतु एक अलग प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत ढांचा प्रदान करने के लिए नए सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य सहकारी समितियों को जमीनी स्तर तक पहुंचने वाले एक सच्चे जन-आधारित आंदोलन के रूप में गहरा करना है तथा सहकारिता आधारित अर्थव्यवस्था मॉडल विकसित करना है जहां प्रत्येक सदस्य जिम्मेदारी की भावना के साथ काम करता है। सरकार ने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों, सहकारी संघों आदि सहित विभिन्न हितधारकों के परामर्श से एक नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति व नई योजनाओं को तैयार करने के लिए कदम उठाए हैं।

*****